आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में देश भर से केंद्रीय पुलिस बल ,राज्य पुलिस बल और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 34 टीमें हिस्सा ले रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों के नाम भले ही अलग–अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका मिशन एक ही है और वह है भारत की सुरक्षा। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल सीमा हो या भारत भूटान सीमा, एसएसबी इन सीमाओं की सुरक्षा के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल संबंधित गतिविधियों के लिए व्यापक कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, और विश्व चैंपियनशिप में मेडल प्राप्त करने वाले अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों की प्रदेश पुलिस में सीधी भर्ती की गई है। उधर, मुख्यमंत्री ने नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश–दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया द्वारा प्रदेश में 55 सौ करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेटिनेशन बन गया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मिशन रोजगार के अंतर्गत लखनऊ स्थित लोकभवन में 647 युवाओं को वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक पद पर नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी 41 अवर अभियंताओं की तैनाती की गई है। प्रदेश सरकार ने मिशन रोजगार के तहत साढ़े सात वर्ष में निष्पक्षता और पारदर्शिता के आधार पर साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। हर विभाग में युवाओं को निरंतर सरकारी नौकरी दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले दो वर्ष में प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ने का ऐलान किया है। इसके लिए तैयारियां भी चल रही हैं।

****

वाराणसी जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायाधीश संजीव पाण्डेय की अध्यक्षता में 14 सितम्बर को दीवानी न्यायालय परिसर में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव/अपर जिला जज विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए आज न्यायालय परिसर से प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों, दाम्पत्य विवादों, एन०आई० एक्ट० के वादों, बैंक वसूली के वादों एवं ऋण वसूली सरीखे अन्य वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जाएगा।

****

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुशीनगर जिले में आज से घर–घर सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान की शुरूआत हुई। यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि इस मुहिम के तहत टीबी के लक्षण वाले मरीजों की ब्लॉकवार घर घर स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दो सौ उन्सठ टीमें गठित की है। साथ ही मॉनिटरिंग के लिए 53 सुपरवाइजरी को जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया कि सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान के अंतर्गत टीबी की पुष्टि होने पर मरीजों का 72 घंटे के अंदर ईलाज शुरू किया जाएगा। चिन्हित्त टीबी मरीज को पोषण भत्ता भी दिया जायेगा।

****

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है डॉक्टर के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

****

हिंदी साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चंद्र की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। विभिन्न संस्थानों में गोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन कर के उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनकी जयंती पर प्रदेश वासियों को बधाई दी है। श्री योगी ने कहा कि भारतेन्दु हरिश्चंद्र की रचनाएं साहित्य जगत के लिए अमूल्य निधि हैं।

****

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में भीषण गर्मी और उमस से आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं कुछ जनपदों में सुबह से हुई हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के तराई और पूर्वांचल के अधिकांश जनपदों में अगले तीन दिनों में गरज और चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कल बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी, महोबा, ललितपुर, कन्नौज, औरैया, मैनपुरी, एटा और कासगंज में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। जबकि गाजीपुर, मऊ, बलिया, अयोध्या, मिर्जापुर, चंदौली, संत रविदास नगर समेत अन्य जनपदों में मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई है।

****